## एक नजर में

### जिला स्तरीय आयोजन 25 जनवरी को

**बैतूल।** 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को जिला स्तरीय आयोजन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन परिसर में प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का नोडल एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह को नियुक्त किया गया है।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**मुलताई।** नगर मे ऐतिहासिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक अक्षय वट वृक्ष स्थल पर शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार की आशा खाड़े ने राष्ट्रीय ध्वज रोहण किया।जिसके बाद राष्ट्रगान किया गया, वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की याद किया गया। इस अवसर पर स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी परिवार के मोहन सिंह परिहार, रवि प्रकाश खड़के, रवि खाड़े, सुधीर पूरी, गायत्री परिवार के यादवराव निम्बालकर, पार्षद अजय यादव , पार्षद पिल्लू जैन,पार्षद सुरेश पौनीकर, भाजपा जिला महामंत्री जगदीश पवार,चिंटू खन्ना, स्वाति भार्गव, राजरानी परिहार, ज्ञानेश्वर वादबूदे, नगरपालिका उपयंत्री महेश शर्मा सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**बैतूल।** नशामुक्ति, स्वच्छता और स्वदेशी अपनाने, स्वास्थ्य, प्रकृति और स्वच्छ जीवन शैली अपनाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ग्रामोदय से अभ्युदय प्रस्फुटन समिति, सोहागपुर द्वारा स्थानीय पंचायत भवन में ग्रामीण योजना के अंतर्गत संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योग शिक्षक रोशन लाल मोखड़े और रमेश वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वदेश चौधरी ने ग्रामीणों को प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें रसायन मुक्त खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होने कहा कि आज जो अनेक गंभीर बीमारियां फैल रहीं हैं उसके पीछे रासायनिक खाद्य का बहुत अधिक उपयोग है। साथ ही अतिथियों ने सामाजिक सुधार और स्वदेशी उत्पादों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के उपसरपंच गुलाब कापसे, नवांकुर संस्था से रेखा गुजरे, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्कूली बच्चे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य, प्रकृति और स्वच्छ जीवन शैली के प्रति जागरूक करना था।

### बसंत पंचमी पर विद्यारंभ संस्कार

**बैतूल।** बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती प्रकट हुई थी, इस दिन विद्या की देवी सरस्वती की विशेष पूजा की जाती है इसलिए ये विशेष रूप से विद्यार्थियों का दिन भी माना गया है। मान्यता है कि जिस पर मां सरस्वती की कृपा होती है वह विद्या और ज्ञान का धनी होता है। सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश भोपाल के मार्गदर्शन में सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालापाठा में बसंत पंचमी उत्सव पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्या भारती की योजनानुसार विद्यारम्भ संस्कार का अनूठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्ष व विश्व मांगल्य सभा सह कोषाध्यक्ष मध्य भारत प्रान्त श्रद्धा खण्डेलवाल और श्रीमती श्वेता वालम्बे महिला एवं बाल विकास परियोजना बैतूल श्रीमती पूनम खण्डेलवाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# 14 रोजगार मेलों में सिर्फ 1359 युवाओं को मिल पाया रोजगार

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 23 जनवरी. पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिले में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, ताकि रोजगार मेले में गिने-चुने ही युवाओं को रोजगार मिल पाता है।**

**रोजगार कार्यालय में 70 हजार लोग पंजीकृत**

**जिले में उद्योगों की कमी से नहीं मिल पा रहा रोजगार**

कई बार तो कंपनियां ऐसी शर्तें रख देती है कि चयनित युवा स्वयं ही नौकरी से इंकार कर देते है। विगत वर्ष 2025 की बात करे तो जिले में आयोजित रोजगार मेले में मात्र 1359 युवाओं को ही निजी क्षेत्र में नौकरी मिल सकी है। यह बात अलग है कि इसमें से भी कुछ लोग नौकरी छोड़ चुके होंगे। दरअसल जिले में समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। जिसमें प्रदेश की विभिन्न कंपनियां हिस्सा लेती है। इन कंपनियों द्वारा पढ़े-लिखे और तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं का साक्षात्कार लिया जाता है और योग्य पाये जाने पर रोजगार उपलब्ध कराये जाते है। यहीं वजह है कि जब भी रोजगार मेला आयोजित होता है, मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार पढ़े-लिखे युवा नौकरी की चाह लेकर रोजगार मेले में पहुंचते है। जिनमें योग्य लोगों को ही रोजगार मिल पाता है। बता दे कि जिले में उद्योगों की कमी है। जिसके कारण स्थानीय स्तर पर बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध नहीं होता पाता है। ऐसे में रोजगार मेले में ही पढे-लिखे और तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवा नौकरी के लिए अपनी किस्मत आजमाते है। यहां भी सभी को रोजगार नहीं मिल पाता। कई युवा कंपनियों के शर्ते पूरी नहीं कर पाने के कारण रोजगार छोड़ देते है।

**सरकारी क्षेत्र में नौकरी के अवसर कम :** प्रदेश शासन द्वारा सरकारी क्षेत्र में पर्याप्त नौकरी के अवसर नहीं होने से निजी क्षेत्र में भी नौकरी दिलवाने के प्रयास करने की बात कही जाती है। इसके लिए जिला रोजगार कार्यालय तथा अन्य विभागों के सहयोग से समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। इसमें निजी कंपनियों को आमंत्रित किया जाता है। यह कंपनियां मेलों में पहुंचती है और अपने लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन करती है। रोजगार संबंधी मार्गदर्शन के लिए भी पूरी टीम एक्टिव है।

### करीब 70 हजार बेरोजगार पंजीकृत

जिला रोजगार कार्यालय में वर्तमान समय करीब 70 हजार बेरोजगार पंजीकृत हैं, जिन्हें रोजगार की दरकार है। इनकी संख्या लगातार बढती जा रही है। जानकारों का मानना है कि जिले में बेरोजगार युवाओं की संख्या बढने के पीछे बड़ा कारण जिले में उद्योगों की कमी भी है। जिले में पर्याप्त उद्योग नहीं है। उद्योगों की कमी से युवाओं को रोजगार नहीं मिल पाता है। जिसके कारण पढ़ाई के बाद अधिकांश युवा अन्य जिलों या प्रदेशों में नौकरी के तलाश में निकल जाते है। यदि युवाओं को जिले में ही रोजगार के बेहतर अवसर मिले तो युवाओं को पलायन करने की जरूरत नहीं रहेगी। लेकिन अफसोस जिले में पर्याप्त उद्योग नहीं है और उद्योग खुल भी रहे है तो उन उद्योगों के विषय में युवाओं को तकनीकी ज्ञान नहीं होने के कारण नौकरी नहीं मिल पा रही है।

### रोजगार मेले में 2600 ने कराया पंजीयन, 1359 को रोजगार

वर्ष 2025-26 में अभी तक 14 रोजगार मेलों का आयोजन जिले में किया गया है। इन मेलों में 2600 युवाओं ने पंजीयन कराया था। इनमें से 1359 युवाओं को विभिन्न कंपनियों द्वारा रोजगार प्रदान किया गया है। दूसरी ओर बताया जाता है कि इनमें से भी कुछ लोग विभिन्न कारणों से कार्य छोडकर वापस आ चुके हैं और अन्य जगहों पर रोजगार के अवसरों की तलाश कर रहे है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिला रोजगार कार्यालय में करीब 70 हजार बेरोजगार पंजीकृत हैं, जिन्हें रोजगार की दरकार है। इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इन युवाओं को रोजगार के लिए रोजगार मेले तो आयोजित किये जा रहे है, किन्तु गिने-चुने युवाओं को ही रोजगार मिल पाता है।

## भंडारे को लेकर अभद्र टिप्पणी, युवक के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**सारनी। बाबा मठारदेव मेले में भंडारे वितरण को लेकर अभ्रद टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ मुस्लिम समाज ने जुमे नमाज के बाद टीआई जयपाल इवनाती को ज्ञापन सौपा।**

अंजुमन कमेटी सारनी, जामा मस्जिद पाथाखेड़ा, नूरी मस्जिद शोभापुर कॉलोनी ने संयुक्त ज्ञापन देकर शहर की फिजा खराब करने वाले अंकित पंडोले के खिलाफ कारवाही की मांग की है। अंजुमन कमेटी जामा मस्जिद के महासचिव अब्दुल रहमान खान ने बताया कि विगत दिनों बाबा मठा देव मेले मे भंडारा वितरण मे दोनों समुदाय के लोगो ने सहयोग किया था। इस बात को लेकर अंकित पंडोले ने दोनों समुदाय के लोगो को फेसबुक एवं इस्टाग्राम पर अभ्रद टिप्पणी करते हुए अपशब्दों का इस्तेमाल किया है। अंकित पंडोले की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं अन्य हिन्दू समाज के लोगो ने पाथाखेड़ा पुलिस चौकी मे शिकायत कर कारवाही की मांग की है। शुक्रवार को मुस्लिम समाज ने थाना सारनी जाकर टीआई इवनाती एवं एसआई गौर को ज्ञापन देकर प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। टीआई इ वनाती ने कहा कि अंकित के खिलाफ पहले भी शिकायत मिल चुकी है। इस संबंध मे पाथाखेडा चौकी प्रभारी को कारवाही करने के निर्देश दिये है पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। ज्ञापन देने वालों में जामा मस्जिद सारनी के अध्यक्ष रफी अहमद, पाथाखेडा जामा मस्जिद अध्यक्ष शमशेर आलम, बगडोना मस्जिद अध्यक्ष बाबा कुरैशी, नूरी मस्जिद अध्यक्ष इमरान खान, रियाज भाई, आशिक भाई, चमन भाई, जाकिर खान, पंचू खान, सिराज खान, नोशे खान आदि मुस्लिम नेता मौजूद थे।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा व सुंदरकांड पाठ आयोजित

**पाथाखेड़ा।** शोभापुर कॉलोनी के कालीमाई में शक्ति सदन स्वाधार गृह में रामलला प्राण प्रतिष्ठा एवं संस्था अध्यक्ष के जन्मदिवस पर भव्य सुंदरकांड पाठ भी आयोजित किया गया ।ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा संचालित शक्ति सदन स्वाधार गृह में 22 जनवरी 2026 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर एवं संस्था अध्यक्ष भारती अग्रवाल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके पश्चात महिलाओं द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं जस-भजन का सामूहिक गायन किया गया। संपूर्ण परिसर भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत हो गया। इस आध्यात्मिक आयोजन में शक्ति सदन में निवासरत महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर प्रसादी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने सहभाग लिया। आयोजन की सफलता में संस्था की निवासरत महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष भारती अग्रवाल, संस्था के कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आयोजन : नंदबोही में हुई गायत्री माता की प्राण प्रतिष्ठा

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम नंदबोही में बसंत पंचमी के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के अखंड ज्योति जन्म शताब्दी एवं वंदनीय माता जी की जन्म शताब्दी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर मां गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा पंडित धनराज धोटे द्वारा पंच कुंडीय महायज्ञ के माध्यम से संपन्न कराई। इस अवसर पर विभिन्न ग्रामों से पधारे परिजनों द्वारा यज्ञ में आहुति समर्पित कर अपनी बुराइयों को छोड़ने नशा मुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर पूर्व विधायक पीआर बोडखे ने गायत्री परिवार द्वारा किया जाए रहे रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा गायत्री परिवार का उद्देश्य मानव में देवत्व और धरती पर स्वर्ग का अवतरण हो। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ मुलताई से यादव राव जी निंबालकर ने पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक जन्म दिवस एवं दादा गुरु के प्राकट्य दिवस , अखण्ड ज्योति स्थापना के 100 वर्ष,के संबंध में जानकारी दी। आयोजक परिवार के श्यामराव परिहार का तिलक श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर घनश्याम साहू, रामराव साहू ,रामदास देशमुख , मानिकराव देशमुख, प्रवीण साहू, ग्यारसी साहू,रामदास गढेकर,रामराव अडभूते आदि परिजन उपस्थित रहे।

## प्लांट में किया समग्र सेफ्टी बुकलेट का विमोचन

**सारनी।** सतपुडा पावर प्लांट प्रबंधन ने समग्र सेफ्टी बुकलेट का विमोचन किया है। सेफ्टी बुकलेट में कारखाना अधिनियम की जानकारी दी गई है। मंडल सूत्रों ने कहा कि समग्र सेफ्टी बुकलेट मुख्य उद्देश्य शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करना है। सूत्रों ने कहा कि पावर प्लांट के चीफ इंजीनियर एसके लिलोरे के निर्देश पर मुख्य सेफ्टी अधिकारी अमित बांसोड़ ने समग्र सेफ्टी बुकलेट तैयार की है.बुकलेट मे ऊंचाई पर कार्य, सिमित क्षेत्र में सुरक्षा, क्लोरीन एवं गैस कटिंग में सुरक्षा, लिफ्टिंग कार्य एवं कन्वेयर, आपातकालीन योजना, औद्योगिक सुरक्षा में सरल, स्पष्ट व्यवहारिक रूप से बताया गया है। सूत्रों ने कहा कि पावर जनरेटिंग कंपनी के अंतर्गत आने वाले सभी प्लांट में कार्यस्थल पर संरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दिशा मे सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट की समग्र सेफ्टी बुकलेट अधिकारी कर्मचारीयो को जागरूक करने मे कारगर साबित होगी। सेफ्टी बुकलेट का मिमोचन करते हुए इंजीनियर श्री लिल्होरे ने कहा कि यह बुकलेट केवल वैधानिक अनुपालन तक सिमित नहीं है, बल्कि दुर्घटनाओ को शून्य के लक्ष्य को प्राप्त करना है. अधिकारी एवं कर्मचारीयो को मजबूत सुरक्षा प्रदान करने की दिशा मे सराहनीय पहल की है।

## शासकीय कार्यालयों में ली गई मतदाता दिवस की शपथ

**बैतूल।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के सम्बन्ध में शुक्रवार को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में मतदाता दिवस की शपथ ली गई। कलेक्ट्रेट कार्यालय बैतूल में अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त तहसील कार्यालय में एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को अवकाश होने के कारण 23 जनवरी को शासकीय कार्यालयों में मतदाता दिवस की शपथ आयोजित की गई।

## मतदाता दिवस पर अधिकारियों ने ली शपथ

**सारनी।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश के निर्देश अनुसार पावर प्लांट के अधिकारियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ ली है। इस मौके पर पावर प्लांट के चीफ इंजीनियर एसके लिल्होरे ने प्लांट के सभी अधिकारी कर्मचारियों को तंत्र के मूल्यों को मजबूत करने, स्वतंत्र एवं करने की शपथ दिलाई। मंडल सूत्रों ने कहा कि 16 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश ने इस वर्ष की थीम मेरा भारत मेरा वोट के अंतर्गत सभी अधिकारी एवं कर्मचारीयो मे उत्सव पूर्वक सहभागिता निभाते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदान के जनता को जागरूक करना है। इसके अलावा नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित करना है। पावर प्लांट के चीफ इंजीनियर श्री लिल्होरे ने कहा कि मतदाता दिवस पर प्लांट के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिएएवं चुनाव निष्पक्ष करने का संकल्प लिया है। इस मौके पर एस एन सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## भ्रष्टाचार के आरोप, वनरक्षक व चौकीदार पर एफआईआर की मांग

**आमला। वन परिक्षेत्र आमला अंतर्गत ग्राम लादी वनग्राम में पदस्थ वनरक्षक विनिता पर ग्रामीणों से अवैध वसूली करने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस संबंध में समस्त ग्रामवासियों ने दक्षिण वन मंडल बैतूल के वन मंडलाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।**

शिकायत में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वनरक्षक विनिता द्वारा भूमि नापने के नाम पर ग्रामीणों से अवैध रूप से वसूली की गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह वसूली 200 रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक की गई है। आरोप यह भी है कि इस पूरे मामले में चौकीदार ईश्वर की भी संलिप्तता रही है। ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व जिला मुख्यालय में माननीय कलेक्टर एवं डीएफओ को सबूतों सहित शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक वनरक्षक के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

कार्रवाई न होने से संबंधित कर्मचारियों के हौसले बुलंद बताए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों का प्रशासन से विश्वास डगमगा रहा है। शिकायत में ग्रामीणों ने मांग की है कि आरोपी वनरक्षक को तत्काल बर्खास्त किया जाए, पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया जाए तथा वनरक्षक और चौकीदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही वनग्राम लादी से जुड़े सभी कार्य अन्य अधिकारियों से कराए जाने की मांग भी की गई है।

In The Court Of II Civil Judge, Class-I
Itarsi District Court, Hoshangabad
Presiding Officer: श्रीमती आयुषी गुप्ता
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000107/2025)

लीना चिंचालकर .....वादी
Vs
मयूरेश चिंचालकर.....प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक - 23/03/2026

प्रेषिती-(1) सर्वसाधारण अन्य सर्वसाधारण पता - इटारसी एवं बैतूल मप्र.

यह कि प्रार्थी लीना चिंचालकर ने आपके विरूद्ध दावा पत्र अंतर्गत धारा 34 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम के लिये वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 20 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
न्यायाधीश
आयुषी गुप्ता
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खंड इटारसी
जिला नर्मदापुरम म.प्र.

टिप्पणी :- दावा पत्र अंतर्गत धारा 34 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम
कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


**उपलब्धि** 5688 हेक्टेयर कृषि भूमि होंगी सिंचित

## विधायक देशमुख के प्रयासों से क्षेत्र की 17 सिंचाई परियोजना स्वीकृत

**मुलताई। विधानसभा क्षेत्र में विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने प्रयासों से 17 सिचाई परियोजना को स्वीकृति मिली है। जिससे क्षेत्र की 5688 हेक्टेयर भूमि सिंचित होंगी।**

भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया विकासखंड के 15 हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालय में छात्राओं की साईकिल रखने साइकिल स्टैंड का न67. 50 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत कराया गया है। मुख्यमंत्री स्टांप ड्यूटी मद से वर्ष 2024 में 15 गांव में टिन शेड युक्त सामुदायिक भवन को सस्वीकृति दिलाई। वही तीन गांव में मोक्ष धाम में यात्री प्रतीक्षालय,दो गांव में 37.94 की लागत से तालाबों में घाट निर्माण का कार्य,5 गांव में शासकीय विद्यालय की बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य रुपए 48 लाख 84 हजार की लागत स्वीकृत किए गए। 10 गांव में पुलिया निर्माण कार्य रुपए 1 करोड़ 39 लाख 84 हजार की लागत से, डहुआ में शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण कार्य 18 लाख की लागत से, 13 गांव में एक करोड़ 9 लाख 41000 की लागत से सीसी सीमेंट सड़क निर्माण का कार्य कराया गया।

तीन सांस्कृतिक मंच का निर्माण 48 लाख की लागत से स्वीकृति एवं तीन गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराए जाने स्वीकृति शासन से दिलाई गई।

विधायक देशमुख ने वर्ष 2025 की विधायक निधि से 14 ग्रामों में यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण हेतु रुपए 36 लाख 73 हजार, 9 ग्रामों की सड़क मरम्मत के कार्य हेतु 17 लाख 32 हजार, 32 गांव में वाटर टैंकर हेतु 86 लाख 40 हजार, नगर पालिका के वाचनालय में फर्नीचर हेतु 1 लाख, भिलाई में नाली निर्माण हेतु 6 लाख, टेमझरा और बरई में ट्रांसफार्मर के स्थानांतरण हेतु रुपए 5 लाख 19 हजार 886, 2 ग्रामों के टीन शेड सामुदायिक भवन अथवा संस्कृतिक भवन के निर्माण हेतु रुपए 6 लाख, और एक गांव में ग्रेवल सडक के निर्माण हेतु 670000 की राशि स्वीकृत कराई गई ।वित्तीय वर्ष 2025 में 2024-25 की विशेष निधि से पांच गांव में सामुदायिक भवनों के निर्माण हेतु रुपए एक करोड़ 25 लाख की राशि शासन से स्वीकृत कराई गई। इसी प्रकार दो गांव में मोक्ष धाम में यात्री प्रतीक्षालय हेतु रुपए 32 लाख 80 हजार , 02 गांवों में तालाब घाट निर्माण के लिए रुपए 35 लाख, 06 स्कूलों में बाउंड्रीवल निर्माण हेतु रुपए 78 लाख 80 हजार एवं बिरुलबाजार में बस स्टैंड के सीमेंटीकरण हेतु रुपए 37 लाख 90 हजार , 11 ग्रामों में पुलिया निर्माण के लिए 2 करोड़ 3 लाख 74 हजार की राशि शासन से स्वीकृत कराई गई है।

## शिवा इलेवन, फ्रेंड्स क्लब सेमी फाइनल में

**सारणी।** स्व. विजय कुमार खंडेलवाल जी की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आज बारवे दिन में तीन मैच खेले गए। लोकल ग्रुप से क्वार्टर फाइनल के लिए पहला मैच खेला गया सम्राट क्रिकेट क्लब बैतूल व माइनिंग इलेवन पाथाखेड़ा के बीच खेला गया। जिसमें माइनिंग इलेवन पाथाखेड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी माइनिंग इलेवन पाथाखेड़ा ने 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 156 रन बनाएं। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सम्राट क्रिकेट क्लब बैतूल ने 10 ओवर में आठ विकेट खोकर 98 रन ही बना पाई और यह मैच 58 रनों से हार गई इस मैच के मैन ऑफ द मैच रोहित दास जिन्होंने 24 गेंद पर 53 रन की पारी खेली। दूसरा मैच ड्रीम इलेवन सारणी व फ्रेंड्स क्लब पाथाखेड़ा के बीच क्वाटर फायनल खेला गया। जिसमें ड्रीम इलेवन सारनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ ओवर में ऑल आउट होकर महज 79 रन ही बना पाई. 80 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रेंड्स क्लब पाथाखेड़ा ने पांच ओवर में तीन विकेट खोकर 82 रन बना लिए और यह मैच 7 विकेट से जीत कर सेमीफायनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी है। इस मैच के मैन ऑफ द मैच मे मोइज, जिन्होंने 13 गेंदों पर 29 रन की पारी खेली।